4

K23U 2235

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

**V Semester B.A. Degree (CBCSS – O.B.E. – Regular/Supplementary/ Improvement) Examination, November 2023**
**(2019 – 2021 Admissions)**
**CORE COURSE IN HINDI**
**5B10HIN : Hindi Katha Sahithya**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'कफ़न' कहानी की प्रासंगिकता की चर्चा कीजिए ।

2) 'आरोहण' कहानी में चित्रित आधुनिक जीवन की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) 'ग्लोबल गाँव के देवता' में वर्णित आदिवासी विमर्श के बारे में लिखिए ।

4) समकालीन संदर्भ में 'ग्लोबल गाँव के देवता' नामक उपन्यास की प्रासंगिकता पर अपना मत प्रकट कीजिए ।

III. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(3×3=9)**

5) बूढ़े तिरलोक सिंह को पहाड़ पर चढ़ना जैसी नौकरी की बात सुनकर अजीब क्यों लगा ?

6) 'प्रार्थना के बाहर' कहानी में चित्रित आधुनिकता ।

7) 'बयान' कहानी में चित्रित मुख्य समस्याओं पर एक लेख लिखिए ।

8) 'अंधेरा' कहानी में वर्णित सांप्रदायिकता ।

IV. किन्हीं **तीन** प्रश्नों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

9) यहाँ के वातावरण में सरूर था । हवा में नशा । कितने तो यहाँ आकर एक चुल्लू में मस्त हो जाते । शराब से ज्यादा वहाँ की हवा उन पर नशा करती थी । जीवन की बाधाएँ खींच लाती थी और कुछ देर के लिए वे भूल जाते थे कि वे जीते हैं या मरते हैं । या, न जीते हैं न मरते हैं ।

P.T.O.



10) 'कुहासे का होना क्या मायने रखता है इन पहाड़ों में, इसे तो कोई पहाड़ी ही समझ सकता है । रिश्ते तक धुंधला जाते हैं, नेह के नाते तक नजर नहीं आते । पार्स में कोई अपना खड़ा है और उसे आप देख तक नहीं पाते, पहचान तक नहीं पाते।'

11) एक दफ्तर, एक घर दोनों जगह उसका कोई बजूद नहीं । दोनों जगह मालिक कोई और है .. और उसकी वकत गुलाम से ज्यादा कुछ नहीं ।

12) जो लोग आगे बढ़ रहे थे या जो भीड़ आगे से आई थी-इधर-उधर के मोड़ों गलियों में घुसने लगे । क्योंकि पीछे कर्फ्यू लग चुका था और आगे गाज-मूली की तरह काट दिए जाने का खतरा था ।

V. कम से कम **दो** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) प्रेमचंद के दो कहानियों के नाम लिखिए ।

14) 'बयान' कहानी का मूल प्रतिपाद्य क्या है ?

15) 'अंधेरा' कहानी का संदेश क्या है ?

16) बुधिया के चरित्र की विशेषताएँ क्या है ?

17) भूपसिंह कौन है ?

18) 'आरोहण' कहानी के लेखक ने क्या संदेश दिया है ?

19) 'ग्लोबल गाँव के देवता' नामक उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

20) रणेन्द्र के उपन्यासों की विशेषताएँ लिखिए ।

21) 'प्रार्थना के बाहर' कहानी में चित्रित सांस्कृतिक संघर्ष के बारे में लिखिए ।

22) 'ग्लोबल गाँव के देवता' में सर्वोच्च देवलोक किसे कहा गया है ?

---